SECOND TERMINAL EVALUATION - 2011

KOLLAM DISTRICT

STD X **HINDI** SCORE: 40

TIME :1.30 Hrs

सभी प्रश्न ध्यान से पढ़ें।सभी प्रश्न अनिवार्य है। पहले 15 मिनट कूल ऑफ टाईम है।

सूचना : कविता का यह अंश पढ़ें।

आज निर्मम हो गया इन्सान
एक ऐसा भी समय था
कांपता मानव हृदय था
बात सुनकर, हो गया कोई कहीं बलिदान।

एक ऐसा भी समय है
हो गया पत्थर हृदय है
एक देता शीश, सोता एक चादर तान
आज निर्मम हो गया इन्सान।

चादर तानकर सोना - മൂടിപുതച്ച് ഉറങ്ങുക

शीश देना - ബലിദാനം ചെയ്യുക

1 कवि ने इंसान के किस स्वभाव की ओर संकेत किया है? (1)

(निर्ममता, दया, त्याग, ममता)

2.आज के ज़माने और पुराने ज़माने में अंतर क्या है? (1)

3.कवितांश का भाव लिखें। (2)

सूचना : निम्नलिखित अंश पढ़ें।

गोपाल अपने बच्चे का Vaccination कराने Hospital पहुँचा। नर्स ने कहा पहले Temparature देखें। बाद में Laborotary जाकर खून की जाँच कराकर आएँ।

4. अंग्रेज़ी शब्दों के स्थान पर हिंदी पारिभाषिक शब्द जोड़कर खंड का पुनर्लेखन करें। (2)

सूचना : साक्षात्कार का यह अंश पढ़े।

मैगसैसे पुरस्कार विजेता डॉ.वी.शांता को कैंसर इंस्टीट्यूट में बधाई समारोह का आयोजन किया है।

5. **समारोह से संबंधित एक पोस्टर तैयार करें।** 2

सूचना : नेम्नांकित जीवन वृत्त पढ़ें और शकुंतला की जीवनी तैयार करें।

6 4

नाम	-	शकुंतला (सकुबाई)
पिता	-	तुकाराम जामड़े
माँ	-	लक्ष्मी
भाई-बहन	-	नितिन, वासंती
मातृभाषा	-	मराठी
पेशा	-	नौकरानी
शैक्षिक स्थिति	-	अनपढ़
परिवार	-	एक बेटी

सूचना : संशोधन करें।

7. पिताजी ने पिछले हफ़्ते ही चिट्ठी भेजे होंगे, पर हमें तो अभी तक नहीं मिले। फोन पर जब उन्होंने बताई तभी हमें पता चला कि वे आज आ रहा है। 2

सूचना : साक्षात्कार का यह अंश पढ़े।

"यह पुरस्कार सही मौके पर मिला है। हमें उम्मीद है कि इससे मिली अंतर्राष्ट्रीय पहचान से स्थानीय स्तर पर भी हमारे काम को सराहना मिलेगी। लेकिन अभी हमें बहुत कुछ करना है।"

8. **मैगसैसे पुरस्कार विजेता डॉ. वी.शांता जी को बधाई देते हुए पत्र लिखें** 4

सूचना : यह अंश पढ़ें।

"रोगियों को बचाने का काम न डॉक्टर का है, न दवाओं का, वह प्रभु का है।" पूरा घंटा बीत गया। पर किसी को पता नहीं चला। देवदास को लगा कि एक आँधी उभरी और थम गई।

9. **यह किसका कथन है?** 1

(देवदास का, प्रो.डी.कुमार का, ट्यूटर का)

10. **एनॉटमी हाल के अनुभव के बारे में देवदास ने अपनी डायरी में लिखा। डायरी का वह पन्ना लिखें।** 4

सूचना : कविता का यह अंश पढ़ें।

"यह बात फैलते - फैलते अखबार वालों तक
इस तरह पहुँची कि किसी ने नगर की
संकरी गंदी गली में रोता हुआ बच्चा छोड़ दिया है।"

11. **अगले दिन के समाचार पत्र में यह समाचार कैसे आया होगा? लिखें।** 4

12. **आदमी का बच्चा' नामक कहानी की घटनाओं को क्रमबद्ध करके लिखें।** 3

- डौली को घर में अकेलापन महसूस होती है।
- माली के बच्चे की मृत्यु से डौली दुखी होती है।
- डौली को माली के बच्चों के साथ खेलने से मना करती है।
- मैनेजर साहब के बच्चों के साथ डौली को खेलने भेजती है।
- डौली पिल्लों के साथ खेलना पसंद करती है।
- पिल्लों को गरम पानी में डुबोकर मरवा देते हैं।

13. कोष्ठक से उचित क्रिया विशेषण चुनकर खंड का पुनर्लेखन करें।

(धीरे-धीरे, तेज़ी से, देर से, ज़ोर से)

स्कूल की घंटी / बजी। बच्चे/ बस की तरफ़ भागने लगे। प्रवीणा छोटी थी, इसलिए / भाग रही थी। वह बस के पास / पहुँची। 2

सूचना : अंश पढ़ें।

"घर के सामने एक छोटा बगीचा है। उसमें हरे पत्तों के बीच रंगबिरंगे फूल खिले थे। कहीं से एक नटखट बंदर आया। फूलों को तोड़ डाला।"

14. विशेषण शब्द चुनकर लिखें। 2

15. मान लें, आप के स्कूल में 'सकुबाई' नाटक का मंचन हो रहा है। मंचन की सूचना देते हुए उद्घोषणा तैयार करें। 2

सूचना : यह अंश पढ़ें।

"डौली पिल्लों को खोजती ही फिरी। आखिर मेहतर से उसे मालूम हो गया कि वे गरम पानी में डुबोकर मार डाले गए हैं।"

16. इस प्रसंग पर डौली और आया के बीच का वार्तालाप तैयार करें। 4